Sl. No. of Question Paper: 2457

Unique Paper Code : FC4 – BEM

Name of the Paper : Business, Entrepreneurship and Management

Name of the Course : Foundation Course

Semester : II

Duration : 1 hour

Maximum Marks : 20

Roll No ____________

अनुक्रमांक

प्रश्न पत्र : व्यवसाय, उद्यमिता और प्रबंधन

पाठ्यक्रम : आधार पाठ्यक्रम

सेमेस्टर : द्वितीय

अवधि : एक घंटा

अधिकतम अंक : 20

F-4

Attempt any two questions.

All questions carry Equal Marks.

Answer may be written either in English or Hindi

केवल दो ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखिए।

1. As Chief HR manager in a company, you have to hold interviews to appoint a manager. One of the candidates is Jacob, son of a close friend of yours. Jacob has done MBA from a good B-school and has worked in a company for three years. The word has spread in the company that one of the candidates is very close to the Chief HR manager of the company and is most likely to be appointed.

In the light of the given facts, what shall be your decision regarding the appointment. Justify your answer. Elaborate the issues you are confronting, keeping in view the human side of the organization.

1. मुख्य मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में आपको एक प्रबंधक की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन करना है। एक अभ्यर्थी जैकब है जो आपके करीबी मित्र का बेटा है। जैकब ने एक अच्छे बी0–स्कूल से एम0बीए0 किया हुआ है एवं एक कम्पनी में तीन वर्ष तक काम भी कर चुका है। कंपनी में शीघ्र ही यह बात फैल गई कि सारे अभ्यर्थियों में से एक मुख्य मानव संसाधन प्रबंधक के अति निकट है और उसकी नियुक्ति होने की सर्वाधिक सम्भावना है।

दिए गए तथ्यों के आधार पर नियुक्ति के विषय में आपका निर्णय क्या होगा? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए। संस्था के मानवीय पक्ष को ध्यान में रखते हुए उन समस्याओं का उल्लेख कीजिए जिनका आपको सामना करना पड़ रहा है।

2. Udit and Kunal are two graduates from Bangalore University. Both are keen to set up a business together. They are confused about the nature of business. So, to get out of this confusion they decided to consult Udit's uncle who is an established businessman. After discussing some good business ideas, Udit and Kunal have decided that their best option is to open a small cafe. They believe that their background and experience in the hospitality industry will help them to succeed in this business. They also thought that a place like this is much needed for today's generation as youngsters are keen to hang out with their friends. With such thought process they decided to put different varieties of coffee, tea and some fast food items on their menu.

As a consultant, what would be your advice to them regarding:

a) The name of the café.

b) The interior.

c) The additional services that need to be offered to customers.

Outline the reasons of your advice.

2. उदित और कुणाल बैंगलूर विश्वविद्यालय के दो स्नातक हैं जो साथ मिलकर एक व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक हैं। वे व्यवसाय के स्वरूप के विषय में अस्पष्ट हैं। अतः इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए उन्होंने उदित के अंकल से जो एक स्थापित व्यवसायी हैं, परामर्श लेने का निर्णय लिया। कुछ अच्छी व्यावसायिक योजनाओं पर विचार–विमर्श करने के पश्चात उदित और कुणाल ने निर्णय लिया कि उनका सर्वोत्तम विकल्प एक छोटा कैफे खोलना है। उनका विश्वास है कि आतिथ्य उद्योग की उनकी पृष्ठभूमि और अनुभव उन्हें उस व्यवसाय में सफल होने में मदद देंगे। उन्होंने सोचा कि आज की पीढी के लिए इस प्रकार के स्थान की बहुत जरूरत है क्योंकि युवा वर्ग अपने मित्रों के साथ 'हैन्ग–आउट' के इच्छुक होते हैं। इस प्रकार के सोच-विचार के कारण उन्होंने अपनी व्यंजन–सूची में विविध प्रकार की कॉफी, चाय और कुछ फास्ट फूड रखने का निर्णय लिया।

एक सलाहकार के रूप में इनके विषय में आपका परामर्श क्या होगा:

अ. कैफे का नाम

ब. आन्तरिक सज्जा

स. अतिरिक्त सेवाएं जिन्हें ग्राहकों को पेश करने की आवश्यकता है।

अपनी सलाह के आधारों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

3. Horizon Travel Agency has introduced cultural tour packages by bus to promote Indian heritage. Initially they got only one bus load of business per month which comprised of mainly senior citizens. With fierce advertising, the business picked up and attracted families too. After two years, they were able to get youth among their customers, as by then the tours had become popular and enjoyable.

Given the situation, explain the various categories and stages of consumer adoption process.

3. होराइजन ट्रैवल एजेन्सी ने भारतीय विरासत को बढ़ावा देने के लिए बस के द्वारा सांस्कृतिक पर्यटन पैकेज उपलब्ध कराएं हैं। शुरू में उन्हें प्रति माह केवल एक बस लोड का ही व्यवसाय मिलता था जिसमें मुख्यतः वरिष्ठ नागरिक ही थे। जोरदार विज्ञापन प्रणाली ने व्यवसाय की गति बढ़ाई और परिवारों को भी आकर्षित किया। दो वर्ष पश्चात वे युवा वर्ग को अपने ग्राहकों में शामिल कर पाए क्योंकि तब तक पर्यटन लोकप्रिय एवं आनन्ददायक हो गया था।

दी हुई परिस्थिति में उपभोक्ता अंगीकरण प्रकिया की विभिन्न श्रेणियों और चरणों की व्याख्या कीजिए।

4. Mobile phones have grown popular very fast and many companies are using M- Commerce to expand their scale of operations. This phenomenal growth has its own opportunities and threats.

How do you visualize M- Commerce in terms of its application and associated problems.

4. मोबाइल फोन बहुत तेजी से लोकप्रिय हुए हैं और बहुत–सी कंपनियां अपने व्यवसाय–परिचालन के पैमाने के विस्तार के लिए एम–कॉमर्स का सहारा ले रही हैं। इस अभूतपूर्व वृद्धि में अवसर के साथ–साथ इसके अपने खतरे भी हैं।

आप एम–कॉमर्स के अनुप्रयोग और इससे जुड़ी समस्याओं को किस तरह से देखते हैं?

5. Assume you are heading an institute preparing students for civil services examinations in a city. You decide to open a branch in a remote and backward region which shall be funded by a corporate house under their CSR initiative. You need 15 experienced people out of your staff – both teaching and non-teaching – to run the branch effectively.

Explain the motivation strategy you will prepare to ensure that the staff selected is adequately enthusiastic to take-up the responsibility in the project.

मान लीजिए कि आप किसी शहर में एक संस्था के प्रमुख हैं और विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी करा रहे हैं। आप एक सुदूर एवं पिछड़े इलाके में एक ब्रान्च खोलने का निर्णय लेते हैं जिसे एक कॉरपोरेट हाउस अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आर्थिक

सहायता देगा। इस ब्रान्च के प्रभावी संचालन के लिए आपको अपने स्टाफ में से 15 अनुभवी शैक्षणिक तथा गैर–शैक्षणिक व्यक्तियों की आवश्यकता पड़ेगी।

स्पष्ट करें कि अभिप्रेरणा के किन तरीकों से आप यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके द्वारा चुना गया स्टाफ इस प्रोजेक्ट का उत्तरदायित्व पूरे उत्साह से उठाने के लिये तैयार है।